भाजपा पार्षद पूनम रत्तड़ा बोतल में गंदा पानी लेकर पहुंची, कमिश्नर को थमाई बोतल, हलका इंचार्ज के हस्तक्षेप का मुद्दा भी गरमाया

# विरोध के बाद सहमतिः निगम में होंगे 110 गांव, 30 प्रस्तावों पर लगी मुहर




मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर निगम कमिश्नर आदित्य डैचलवाल, रजिंदर छीना, मदन लाल बग्गा, अशोक प्राशर पप्पी व विधायक दलजीत भोला अन्य मौजूद रहे।



पीने वाले पानी की गंदी बोतल दिखती भाजपा नेता विपक्ष पार्षद पूनम रत्तड़ा।



आप पार्षद तनवीर सिंह धालीवाल।



कांग्रेस पार्षद सुखदेव बावा।



कांग्रेस के पार्षद नेता विपक्ष श्याम सुंदर मल्होत्रा।

-फोटो लक्की भट्टी / इकबाल हैप्पी | समर न्यूज



अकाली पार्षद रखविंदर गाबड़िया।



आप पार्षद अमन बग्गा।



पार्षद गौरवजीत सिंह गोरा।



आप पार्षद युवराज सिंह सिद्धू।

दलजीत विक्की/लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर निगम लुधियाना की जनरल हाउस बैठक करीब सात महीने बाद आयोजित हुई, जिसमें 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक का सबसे बड़ा और अहम फैसला शहर की सीमा विस्तार को लेकर रहा। भारी विरोध के बाद आखिरकार लुधियाना नगर निगम की सीमा में 110 गांवों को शामिल करने पर सहमति बन गई। तय हुआ कि अगले दो वर्षों में ये 110 गांव नगर निगम की सीमा में आ जाएंगे। बैठक में बताया गया कि जनवरी माह में जनगणना शुरू होने जा रही है, जिसके बाद शहर की सीमाएं दो साल के लिए सील हो जाएंगी। इसी कारण यह फैसला अभी लेना जरूरी था। बता दें कि सुबह 11:30 बजे शुरू हुई बैठक शाम चार बजे तक चली, जबकि मीटिंग का समय 11 बजे तय था। मेयर इंदरजीत कौर 11:13 बजे हाल में पहुंचीं।

**हंगामे के बीच शुरू हुई बैठक...**

शुरुआत से ही हंगामा देखने को मिला। पहले प्रस्ताव पढ़े जाएं या जीरो आवर शुरू किया जाए—इस मुद्दे पर विपक्षी पार्षदों और आप विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। मेयर और कमिश्नर ने भरोसा दिलाया कि सभी को बोलने का मौका मिलेगा।

**▪ 110 गांवों को शामिल करने पर विरोध...**

कांग्रेसी पार्षद सतपाल लोहारा ने कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल के पार्षदों ने कहा कि नगर निगम मौजूदा वार्डों में ही सुविधाएं नहीं दे पा रहा, ऐसे में 110 गांवों को शामिल करना गलत है। उनका कहना था कि 10–15 किमी दूर के इलाकों को निगम सीमा में लाना संभव नहीं।

इस पर कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने कहा कि इससे अगले 10 वर्षों में निगम के राजस्व में 9–10 हजार करोड़ का इजाफा होगा और विकास कार्य तेजी से होंगे।

**गंदा पानी, अवैध इमारतें, सफाई और सीवरेज के मुद्दे**

भाजपा पार्षद पूनम रत्तड़ा अपने वार्ड का गंदा पानी बोतल में भरकर बैठक में लाई और कमिश्नर को सौंपा। अवैध इमारतों, सीवरेज जाम और सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति के मुद्दे पर भी चर्चा रही।

**▪ गुरु तेग बहादुर जी की फोटो वाले बोर्डों की बेअदबी...**

वार्ड-81 की भाजपा पार्षद नवनीत कौर ने इस मुद्दे को उठाया। कमिश्नर ने 48 घंटे में सभी पोस्टर हटाने के आदेश दिए।

**▪ कई मुद्दों पर नोकझोंक**

सफाई कर्मचारियों, टूटे सड़कों, सीएलयू रेट, गिल रोड, अवैध निर्माण, मैरिज पैलेस, डाइंग यूनिट्स और अन्य विकास कार्यों को लेकर पार्षदों और विधायकों में तीखी बहस हुई।

**▪ कमिश्नर ने आदेश दिए...**

-सफाई कर्मचारियों की हाजिरी पार्षद के हस्ताक्षर से ही मानी जाएगी।

-अवैध निर्माण पर 7 दिन के भीतर कार्रवाई।

-जहां कमी है, वहां मुलाजिम पूरे किए जाएंगे।

-आप पार्षदों ने गिनाई उपलब्धियां

कई आप पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में किए गए काम गिनवाए—पार्क, सड़कें, ट्यूबवेल, स्ट्रीट लाइट, मोहल्ला क्लीनिक, ट्रैफिक सुधार आदि।

-नाजायज कालोनियां, कूड़ा निस्तारण और टैक्स पर चर्चा

-पार्षदों ने नाजायज कॉलोनियां, गंदा पानी, रिटेनिंग वॉल, बिल्डिंग ब्रांच में रिश्वतखोरी, तहबाजारी, संपत्ति टैक्स, कंपेक्टर मशीनों और सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। -कमिश्नर ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

**▪ हलका इंचार्ज द्वारा करवाए जा रहे कामों पर विवाद...**

भाजपा पार्षद रुचि गुलाटी ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में बिना जानकारी काम किए जा रहे हैं, लाइटें नहीं मिलीं, पार्कों के झूठे आंकड़े दिए गए और फॉगिंग मशीन तक नहीं मिली। उन्होंने कार्रवाई की मांग की।

**▪ पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर को नहीं दिया बोलने का मौका...**

पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर शाम सुंदर मल्होत्रा ने 110 गांवों को निगम सीमा में शामिल करने का विरोध किया और सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी, लेकिन उन्हें बोलने का मौका नहीं मिला। इसके बावजूद प्रस्ताव पास हो गया।

▪ बीजेपी पार्षद रुचि गुलाटी ने शिकायत की कि उनके वार्ड में स्ट्रीट लाइटें और फॉगिंग मशीन नहीं मिलीं।

▪ कांग्रेस पार्षद सुखदेव बावा ने कहा कि वार्ड को तीन हिस्सों में बांटने से काम अटक गए और पुरानी सीवरेज पाइपों से लोगों को रोज दिक्कत होती है।

▪ बीजेपी के गौरवजीत सिंह गोरा ने आउटसोर्स कर्मचारियों की हाजिरी और गिनती अनिवार्य करने की बात रखी।

▪ अकाली दल के रखविंदर गबड़ियां ने गिल चौक की सड़क दोबारा बनाने और शुल्क घटाने की मांग की।

▪ पार्षद पूनम रतड़ा ने कहा कि कई घरों में सीवरेज का गंदा पानी पीने के पानी में मिल रहा है।

▪ कमिश्नर ने भरोसा दिलाया कि एक महीने में समाधान किया जाएगा।

▪ आम आदमी पार्टी के पार्षद अमन बग्गा ने अपने वार्ड में 90% काम पूरा होने का दावा किया और आवारा कुत्तों पर सख्त निगरानी की मांग की।

## चंडीगढ़ रोड पर दिव्यांग व्यक्ति का शव मिला

### पुलिस को अशंका : हत्या कर फेंका गया है शव

समर न्यूज | लुधियाना

चंडीगढ़ रोड स्थित एलआईजी फ्लैट के पास बने पार्क के बाहर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक दिव्यांग व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। शव के दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए थे, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना डिविजन नंबर-7 की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान दिनेश तिवारी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि दिनेश की हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शव की स्थिति और पैरों पर बंधी रस्सी सामान्य मौत की ओर इशारा नहीं करती। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मृतक के परिजनों व परिचितों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही सच सामने लाने का दावा किया गया है।

## प्रवासी परिवार के घर हुई चोरी, सीसीटीवी में कैप्चर हुई घटना

समर न्यूज | लुधियाना

जिले में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला लुधियाना के जवद्दी इलाके से सामने आया है, जहां एक प्रवासी परिवार के घर में सेंध लगाकर चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने, मंगलसूत्र और हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य कुछ समय के लिए गुरुद्वारा साहिब मत्था टेकने गए हुए थे। इसी दौरान एक अज्ञात युवक घर के अंदर दाखिल हुआ और अलमारियों को खंगालते हुए कीमती सामान समेट लिया। चोरी के बाद आरोपी दीवार फांदकर एक बैग के साथ मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की गतिविधियां साफ दिखाई दे रही हैं। गुरुद्वारे से लौटने पर जब परिवार ने घर का सामान बिखरा हुआ देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

निगम हाउस बैठक के दौरान कर्मचारी यूनियन का रोष प्रदर्शन

## चार घंटे तक डॉ. अम्बेडकर भवन के बाहर नारेबाजी, मंत्री का पुतला फूंका



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम कर्मचारी यूनियन और न्यू वाल्मीकि एकता संघ ने सोमवार को निगम हाउस की बैठक के दौरान तीखा रोष प्रदर्शन किया। चेयरमैन नरेश धींगान और ओमपाल चंडालिया के नेतृत्व में कर्मियों ने सबसे पहले ज़ोन-ए दफ्तर पर गेट रैली निकाली और पंजाब सरकार व निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने ज़ोन-ए से डॉ. अम्बेडकर भवन तक मार्च किया, जहाँ मीटिंग चल रही थी, और करीब चार घंटे तक मुख्य गेट पर धरना दिया। इस दौरान लोकल बॉडी मंत्री का पुतला भी फूंका गया। नरेश धींगान ने बताया कि बार-बार मांग पत्र देने के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले सफाई कर्मचारियों और सीवरमैनों को नियमित किया गया था, लेकिन 800 से अधिक कर्मचारी ओवरएज होने के कारण इससे वंचित रह गए। कई माली, ड्राइवर और बेलदार भी नियमित नहीं किए गए। उनका कहना था कि विधानसभा चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी ने ठेकेदारी प्रथा खत्म कर नियमित भर्ती का वादा किया था, जबकि अब भी ठेकों के तहत भर्तियां की जा रही हैं। साथ ही, कूड़ा प्रबंधन निजी कंपनी को देने का यूनियन ने कड़ा विरोध किया। यूनियन ने मांग की कि दो-दो वार्डों पर डंपिंग प्वाइंट बनाए जाएँ, मृत कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी दी जाए और निगम हाउस से पास प्रस्ताव संख्या-23 की मांगों को तुरंत लागू किया जाए। लगातार प्रदर्शन के बाद निगम कमिश्नर ने यूनियन प्रतिनिधियों को बैठक के लिए बुलाया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांग-पत्र प्राप्त किया। कमिश्नर ने 29 जनवरी को बैठक बुलाकर मुद्दों के समाधान का आश्वासन दिया। हाउस की बैठक समाप्ति पर विधायक दलजीत भोला, कुलवंत सिद्धू, मदन लाल बग्गा और मेयर इंदजीत कौर ने भी कर्मचारियों को समस्याओं के निपटारे का भरोसा दिलाया। प्रदर्शन में विक्की राहेला, राजवीर चोटाला, अजपाल दिशावर, वरुण राज, रवि मतंग, सुभाष सोदे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

सामाजिक

सत्य स्कॉलरशिप प्रोग्राम ने पहले ही वर्ष में रचा नया कीर्तिमान, 128 छात्रों का चयन

## आर्थिक बाधाएं नहीं बनेंगी शिक्षा में रुकावटः राकेश भारती

समर न्यूज | लुधियाना

नेहरू सिधांत केंदर ट्रस्ट ने अपने सत्य स्कॉलरशिप प्रोग्राम के पहले वर्ष में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 128 छात्रों का चयन किया है, जो निर्धारित 100 छात्रों के लक्ष्य से अधिक है। ट्रस्ट ने इस पहल के तहत 1 करोड़ से अधिक की स्कॉलरशिप प्रदान की हैं। यह मेरिट-कम-मीन्स आधारित छात्रवृत्ति कार्यक्रम विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले मेधावी छात्रों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत विशेष रूप से छात्राओं पर एकाग्रह किया गया है। पहले बैच में चयनित छात्रों में 60% से अधिक छात्राएं हैं, जो समानता को बढ़ावा देने और युवा महिलाओं को अपनी शैक्षणिक एवं प्रोफेशनल आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सशक्त बनाने के कार्यक्रम के उद्देश्य को और मजबूत करता है।

नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट के प्रेसिडेंट, श्री राकेश भारती मित्तल ने कहा,"हम सत्य स्कॉलर्स के पहले बैच का स्वागत करते हैं। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बालिकाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच को बढ़ाने के स्पष्ट उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहा है।

हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक सीमाएँ किसी भी छात्र की शैक्षणिक क्षमता में बाधा न बनें और योग्य विद्यार्थी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकें। हमें दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा सामाजिक प्रगति और समावेशी विकास का एक सशक्त माध्यम है, और हम अधिक समावेशी भविष्य की दिशा में हर वर्ष 400 छात्रों को सहायता प्रदान करने के लक्ष्य के साथ इस कार्यक्रम को जारी रखेंगे।

सत्य स्कॉलरशिप प्रोग्राम लुधियाना के 38 चयनित संस्थानों में कॉमर्स, इंजीनियरिंग और मेडिकल स्ट्रीम्स में अंडरग्रेजुएट एवं इंटीग्रेटेड मास्टर डिग्री पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को सहयोग प्रदान करता है। इस स्कॉलरशिप के अंतर्गत पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के लिए संस्थान की शुल्क 100% वार्षिक कोर्स फीस वहन की जाती है। इसके अतिरिक्त, छात्रों के छात्रावास और मेस में खान-पान का खर्च भी प्रदान किया जाता है । स्नातक होने और रोजगार प्राप्त करने के बाद, सत्य स्कॉलर्स को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से स्कूल या कॉलेज स्तर पर कम से कम एक छात्र का निरंतर सहयोग करें और अपनी माँ के नाम पर हर वर्ष पाँच पेड़ लगाएँ, ताकि समाज को कुछ लौटाने की भावना को प्रोत्साहित किया जा सके और लंबे समय तक चलने वाला सामाजिक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।




ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 112